शहीदों के चित्र पर दीप जलाकर किया नमन

उन्नाव। दीपावली पर 'नर सेवा-नारायण सेवा' समिति की ओर से 'एक दिया शहीदों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी पदाधिकारियों के साथ शहीदों के परिजनों के घर पहुंचे। उन्होंने शहीद शशिकांत तिवारी, कैलाश कुमार, सुशील कुमार गौतम, विजय कुमार और पुलवामा हमले में शहीद हुए अजीत आजाद के परिजनों से मुलाकात की।इस दौरान शहीदों के चित्रों पर दीप जलाकर पुष्प अर्पित किए गए और उनके बलिदान को याद किया गया। समिति के सदस्यों ने परिजनों और बच्चों को उपहार व मिठाइयां भेंटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। शहीद परिवारों ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हर वर्ष उन्हें याद करने से संबल मिलता है। विमल द्विवेदी ने कहा कि शहीदों के बलिदान के कारण ही देशवासी सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। उनका सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। समिति का उद्देश्य शहीद परिवारों को यह एहसास कराना है कि वे अकेले नहीं हैं।

लिंक खोलते ही खाते से दो लाख रुपये पार

पुरवा, उन्नाव। ग्राम चमियानी निवासी एक युवक के मोबाइल पर आए लिंक को खोलते ही उसके खाते से दो लाख रुपये निकल गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

झुग्गियों में पहुंचकर एसएसपी-सीओ ने बांटी दीपावली की खुशियां



उन्नाव। दीपावली के अवसर पर शनिवार को उन्नाव पुलिस ने सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए कोतवाली सदर क्षेत्र के करोवन गांव स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।

मिठाई और उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, जनपदीय अध्यक्षा वामा सारथी नीतू सिंह, एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव और सीओ सिटी विनी सिंह करोवन गांव पहुंचे।

अधिकारियों ने बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात कर मिठाई व गिफ्ट हैंपर वितरित किए। उपहार पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके अभिभावकों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार की खुशियां समाज के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए। जरूरतमंद परिवारों के साथ खुशियां बांटना ही पर्व की वास्तविक भावना है। पुलिस की इस पहल से बच्चों और उनके परिवारों में उत्साह देखने को मिला।

डीएम ने शनिवार को निपटाया समाधान

लखीमपुर खीरी। शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 18, पुलिस 12, विकास 06, समाज कल्याण 02, आपूर्ति 05, विद्युत 06, कृषि 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चुलव राजू आर, सीओ महक शर्मा, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा सहित सभी जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

एटीएम में पैसा जमा करने गये युवक की पर्स चोरी

लखीमपुर-खीरी। थाना कोतवाली लखीमपुर शहर में दिनदहाड़े चोरी का एक मामला सामने आया है। शनिवार को अस्पताल रोड, स्टेट बैंक शाखा लखीमपुर के एटीएम पर पैसा जमा करने पहुंचे एक व्यक्ति की जेब से चोरों ने बड़ी चालाकी से पर्स उड़ा लिया। पर्स में 30 हजार रुपये नगद और कई जरूरी डॉक्यूमेंट थे। घटना के बाद पीड़ित काफी परेशान है। पीड़ित राम शंकर पांडे उर्फरवि पांडे, निवासी मोहल्ला गोविंद नगर कॉलोनी, सलेमपुर कोन, लखीमपुर ने बताया कि वह अपना 30 हजार रुपये लेकर एसबीआई शाखा लखीमपुर के एटीएम पर जमा करने जा रहे थे। तभी कुछ अज्ञात लोगों ने पीछे से उनकी जींस की पॉकेट से पर्स निकाल लिया और भीड़ में गायब हो गए। पता चला, तब तक काफी देर हो चुकी थी। वही पीड़ित ने बताया कि उन्हें पैसे की उतनी चिंता नहीं है, जितनी पर्स में रखे जरूरी डॉक्यूमेंट की है। वो डॉक्यूमेंट उनके बहुत जरूरी काम में लगने वाले हैं। आम जनता से अपील की है कि अगर किसी को उनका पर्स या डॉक्यूमेंट मिले, तो कृपया दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें। स्थानीय पुलिस को उक्त वारदात की सूचना दे दी गई है।

दीपावली की पूर्व संध्या पर मातम: झालर लगाते समय 11 हजार की लाइन की चपेट में आया 16 वर्षीय किशोर, मौत



गोला गोकर्णनाथ खीरी । दीपावली की खुशियाँ मनाने की तैयारी कर रहा एक परिवार पल भर में मातम में बदल गया। भारत भूषण कॉलोनी निवासी कमल पुत्र अरविंद कुमार वर्मा (16) अपने घर पर दीपावली की झालर डाल रहा था। इसी दौरान घर के बाहर से निकली 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।करंट लगते ही किशोर गंभीर रूप से झुलस कर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन में उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की खबर मिलते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया। दीपावली की पूर्व संध्या पर हुई इस आकस्मिक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। माँ का रो-रोकर बुरा हाल है, पिता बेसुध पड़े हैं। जिस घर में दीये जलने थे, वहां अब अंधेरा छा गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि घर के ऊपर से ही हाईटेंशन लाइन निकली हुई है, जो कभी भी बड़े हादसे को दावत दे सकती है। लोगों ने बिजली विभाग से लाइन को सुरक्षित करने की मांग की है।**अपील** – दीपावली पर झालर, लाइटिंग लगाते समय हाईटेंशन लाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार की खुशियाँ छीन सकती है।



